## एक नजर में

### एचसीएल ने प्रारंभ किया आरोग्य दायनी योजना



**बालाघाट।** हिन्दुतान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) की मलांजखण्ड ईकाई द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) अंतर्गत, बिरसा एवं बैहर ब्लॉक के नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु आरोग्य दायनी योजना प्रारंभ की है। इच्छुक प्रार्थी, योजना के आवेदन प्रपत्र के साथ नर्सिंग कॉलेज का दाखिल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कक्षा दसवीं का उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, जाति व अभिभावक का आय प्रमाण पत्र एवं नर्सिंग कॉलेज का प्रमाणित शुल्क विवरण ?जमा कर, पात्रता एवं योजना के नियमानुसार आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20.11.2025 है। उक्त योजना बीएससी नर्सिंग एवं डिप्लोमा नर्सिंग दोनों के छात्र-छात्राओं के लिए है। योजना के संबंध में अधिक से अधिक लाभार्थियों को सूचित कर आर्थिक लाभ प्राप्त करें। अतिरिक्त जानकारी के लिए मलांजखण्ड ताम्र परियोजना ईकाई अंतर्गत सीएसआर विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

### वंदे मातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ मनाई

**बालाघाट।** शासकीय पॉलिटेक्निक हाविद्यालय बालाघाट में 07 नवम्?बर को राष?ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य आरएम सोनवे एवं विभागाध्यक्ष श्री आलोक चौहान के निर्देशन में विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा वंदे मातरम गीत का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रबल करना तथा विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम और सांस्कृतिक गौरव की भावना को जागृत करना था। प्राचार्य श्री सोनवे ने अपने संबोधन में कहा कि 'वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा और स्वाधीनता आंदोलन की प्रेरणा है।' कार्यक्रम में सभी विभागों के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी शामिल रहें।

**खुलासा** — पुलिस ने डबल मर्डर का एक दिन में किया खुलासा

# भतीजे एवं नाती ने पैसों की लालच में की हत्या





**नवभारत, कटंगी।** 06 नवंबर 2025 को ग्राम अर्जुननाला कटंगी स्थित अपने घर में दम्पत्ति रमेश हांके (65 वर्ष) एवं उनकी पत्नी पुष्पकला हांके (58 वर्ष) की हत्या की सूचना थाना कटंगी को प्राप्त हुई। सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालाघाट निहित उपाध्याय, एसडीओपी कटंगी विवेक शर्मा, सीएसपी बालाघाट सुश्री वैशाली कराहलिया, एफएसएल अधिकारी श्रीमति गौतमा मेश्राम, फिंगर प्रिंट , डॉग स्काट सहित थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचकर घटना स्थल निरीक्षण किया गया। थाना कटंगी में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 103 (1), 332 (क) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई।

दिनांक 05.11.25 की रात अज्ञात आरोपियों द्वारा घर में घुसकर धारदार हथियार से दोनों पति-पत्नी की हत्या कर दी गई थी। अगले ही दिन सुबह दूध वाले की आवाज न मिलने पर पड़ोसी द्वारा दरवाजा खोलने पर हत्या का पता चला। निरीक्षण दौरान यह पता चला कि घर के मुख्य दरवाजे सहित अन्य घर के अंदर के दरवाजे एवं खिडकियों में कोई तोड फोड के साक्ष्य नही मिले।

पुलिस ने पहली जांच एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक दिन में घटना का खुलासा करते हुए मृतक के किरायेदार दुलीचंद्र हांके (निवासी सुकली) और नाती (मृतक के भतीजे का पुत्र) सचिन हांके को तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर संदेह होने पर पुलिस अभिरक्षा मे लिया । पूछताछ पर दोनों ने अपराध स्वीकार किया।

दोनों आरोपियों ने पुलिस पूछताछ पर बताया कि इनपर उधारी का काफी बोझ था। दोनो की करीब 04 लाख रूपये की उधारी हो गयी थी। मृतक के पास काफी मात्रा मे कैश व गहने होने का इन्हे पता था। इन्हे जानकारी थी कि मृतक रमेश हांके सरकारी नौकरी से रिटार्यड होकर पैसे व्याज मे देने का व्यापार करते थे, इसके अतिरिक्त मृतक रमेश हांके का सुकली में पोल्ट्री फार्म भी है जिसकी देखरेख आरोपी नाती सचिन करता था। आरोपीगणों ने पैसों की लालच के कारण चोरी कर हत्या करने की योजना बनाई ।

दोनों आरोपियों ने जेवर नकदी चोरी करने की सुनियोजित योजना के तहत सचिन द्वारा दिनांक 05/11/25 की रात्रि लगभग 11/30 बजे मृतक रमेश हांके को अपनी गाड़ी मोटरसाइकिल पंचर होने का बहाना बनाकर घर से बाहर बुलाया। रमेश द्वारा पंचर की दुकान देखने बाहर जाने पर दोनों आरोपी पूर्व निर्धारित तरीके से घर में दाखिल हुए और उसकी पत्नी पुष्पकला हांके की धारदार हथियार चाकू से हत्या कर दी। इसके बाद रमेश के लौटने पर उसकी भी उसी हथियार से हत्या कर आलमारी से सोने-चाँदी के जेवर व 1,15,000 रुपये नगद सहित लगभग 10 लाख रुपये का माल चोरी कर फरार हो गए।

गिरफ्तार आरोपी में पहला दुलीचंद्र हांके पिता संपत हांके उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम सुकली थाना तिरोडी और दूसरा सचिन हांके पिता महेश हांके उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सुकली थाना तिरोडी जिला बालाघाट का है।

# विद्यालय प्राचार्य की भूमिका पर उठे सवाल

**समग्र आईडी विवाद में एसडीएम की जांच जारी सहायक आयुक्त ने भी मांगा स्पष्टीकरण**



**नवभारत, परसवाड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीड़ी में समग्र आईडी त्रुटि के कारण दो आदिवासी छात्रों — सोनम मेरावी और देवराज उइके — को परीक्षा से वंचित किए जाने का मामला अब और गंभीर होता जा रहा है। जहां एक ओर एसडीएम बैहर-परसवाड़ा अर्पित गुप्ता की जांच जारी है, वहीं आदिम जाति कार्य विभाग की सहायक आयुक्त शकुंतला डामोर ने भी विद्यालय प्राचार्य से लिखित स्पष्टीकरण मांगा है।

मामला उस समय तूल पकड़ गया जब परीक्षा के दिन विद्यालय प्राचार्य ने समग्र आईडी में त्रुटि का हवाला देते हुए दोनों छात्रों को परीक्षा देने से रोक दिया और छात्रा सोनम से शासन की प्रोत्साहन योजना के तहत मिली साइकिल तक वापस ले ली। ग्रामीणों का कहना है कि यह कदम 'न केवल अमानवीय था, बल्कि प्रशासनिक असंवेदनशीलता का उदाहरण भी है।' शिक्षा विशेषज्ञों का भी मानना है कि — 'तकनीकी गलती का खामियाजा किसी बच्चे को भुगतना पड़े, यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम की मूल भावना के विपरीत है।'

चिंतनीय विषय यह है कि परीक्षा के दौरान जब दोनों छात्र आधा पेपर हल कर चुके थे, तभी उन्हें कक्ष से उठाकर बाहर भेजना — यह कौन-सा शैक्षणिक या प्रशासनिक तरीका है, यह समझ से परे है। ग्रामीणों का सवाल है कि — 'यदि उस समय छात्रा मानसिक रूप से टूट जाती या कोई अनहोनी घटना घट जाती, तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेता?'

सूत्रों के अनुसार, विद्यालय प्राचार्य ने एसडीएम के समक्ष यह कहकर अपना पक्ष रखा कि परीक्षा का आयोजन 'विद्यालय स्तर पर लचीलापन रखते हुए किया जा सकता है।' इसके बाद, प्राचार्य ने दोष अभिभावकों व ग्राम पंचायत कर्मियों पर डालते हुए खुद को बचाने की कोशिश की। हालांकि जांच औपचारिक रूप से जारी है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि 'जांच केवल कागजों में चल रही है, वास्तविक जवाबदेही तय होती नहीं दिख रही।' जानकारों के मुताबिक, 'मामले की गंभीरता के हिसाब से प्रशासन की कार्रवाई अभी तक केवल औपचारिकता तक सीमित लग रही है।'

### मीडिया के हस्तक्षेप के बाद मिली राहत

परीक्षा से वंचित किए गए दोनों छात्रों के अधिकारों की बहाली में मीडिया के हस्तक्षेप की बड़ी भूमिका रही। मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद विद्यालय की प्राचार्य ने दोनों छात्रों को पुनः विद्यालय बुलाकर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी और छात्रा सोनम को उसकी साइकिल भी वापस कर दी गई। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि यह कदम 'घटना के बाद का औपचारिक सुधार मात्र है।'

# विधायक भगत ने जख्मी सांभर के बच्चे को हल्दी तेल से उपचार कर बचाई जान



**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा विधायक मधुभगत गत दिवस परसवाड़ा के बगली पाठ मेला से अपने निवास चरेगांव के लिए देर रात वापस हो रहे थे वापसी में रंगोंपाठ मंदिर के समीप एक साम्भर का बच्चा जख्मी हालत में देखकर उसे अपनी गाड़ी में बिठाकर अपने निवास घर चरेगांव में लाकर उसके ज़ख्म पर हल्दी तेल का लेप लगाया गया, परसवाड़ा विधायक द्वारा सुबह वन विभाग के उच्च अधिकारी वन संरक्षक बालाघाट को सूचना देने पर दक्षिण सामान्य के सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी समेत सभी वन रक्षक विधायक निवास पहुंचकर वन्यप्राणी कि कुशलता देख पंचनामा बनाया गया, सहायक पशु चिकित्सक द्वारा भी वन्य प्राणी कि जांच कर हल्दी तेल का लेप लगाया गया।

वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं जिला पशु चिकित्सक के निर्देश पर विधायक निवास से साम्भर के बच्चे को जंगल छोड़ा गया।

परसवाड़ा विधायक ने बताया कि जखूमी साम्भर के बच्चे को निवास गृह में लाकर उसके जख्मो में हल्दी तेल का लेप लाकर उसे कमरे में रखा गया, सुबह वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी वन संरक्षक को पूरी जानकारी दी गई, वनसंरक्षक बालाघाट द्वारा वन कर्मचारी भेजे, साम्भर के जखूमी बच्चे को खुशहाल देख वन अमला ने पंचनामा तैयार किया, और वरिष्ठ अधिकारी एवं वरिष्ठ पशु चिकित्सक के सलाह से वन्यप्राणी को जंगल में छोड़ा गया।

# मतदाता सूची को त्रुटिमुक्त और अद्यतन रखना ही SIR अभियान का प्रमुख उद्देश्य : पारधी

**अभियान के तहत मतदाता सूची अद्यतन को लेकर कार्यशाला आयोजित**



**नवभारत कटंगी।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के तहत कटंगी विधानसभा के पूर्व और पश्चिम मंडल की विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्क्र)-2025 कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतदाता सूची के अद्यतन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए। साथ ही, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को सुधारने और नए मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया पर प्रशिक्षण भी दिया गया।

### अभियान लोकतंत्र को और मजबूत बनाने का अवसर - गौरव

विधायक श्री गौरव सिंह पारधी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि 'हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना भाजपा के संकल्प और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे नए मतदाताओं के पंजीयन में सक्रिय भूमिका निभाएं और जनजागरूकता के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करें। विधायक पारधी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की विश्वसनीयता उसी समय सुनिश्चित होती है जब मतदाता सूची निष्पक्ष और त्रुटि-मुक्त हो। इस दिशा में हर कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मेष देशमुख, मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, सौरभ ठाकरे, संतोष तुरकर, स्क्क्र प्रभारी वरुण देशमुख, भोजराज देशमुख, धर्मकला कामराज देशमुख, सुरेन्द्र राहंगडाले, पवन राणा, जुगराज पटले, भागेश्वरी तूरकर, राधेश्याम देशमुख, प्रगति देशमुख, प्रमिला परिहार और प्रियांश राउत सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता का उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने-अपने बूथ पर सूची सुधार और नए नाम जोड़ने का कार्य पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ पूरा करेंगे।

# हॉकी इंडिया के सौ वर्ष पूर्ण होने पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों का किया सम्मान



**नवभारत, बालाघाट।** नेहरू स्पोंटिंग क्लब बालाघाट द्वारा हॉकी इंडिया के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शहीद चंद्रशेखर एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउण्ड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर करीब 30 लाख की लागत से निर्मित स्व. श्री रमणीकलाल त्रिवेदी दर्शक दीर्घा का लोकार्पण भी कलेक्टर मृणाल मीणा व पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, उद्योगपति सुधीर भाई त्रिवेदी के प्रमुख आतिथ्य में किया गया।

इस दौरान अतिथियों के हस्ते वरिष्ठ हॉकी खिलाडियों का शॉल व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं महिला व पुरूष खिलाडियों के बीच हॉकी का शो मैच भी खेला गया। इस अवसर पर नेहरू स्पोंटिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी, सचिव विजय वर्मा, ऋषभदास वैद्य, विशाल बिसेन, हीरासिंग भाटिया, प्रमोद नेमा, राधेलाल दौने, राजेश सेवईवार, रमेश उके, सुशील वर्मा, संदीप नेमा, ब्रजेश मिश्रा, गोपाल वर्मा, केदार ठाकरे, इन्दू कावरे संजय शुक्ला, सत्यम वर्मा, दिलीप राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी व हॉकी खिलाड़ी मौजूद रहे। मंच का संचालन सुशील वर्मा द्वारा किया गया।

इस दौरान नेहरू स्पोंटिंग क्लब के अध्यक्ष किरण भाई त्रिवेदी ने कहा कि आज 7 नवम्बर हॉकी के लिये ऐतिहासिक दिन है। आज हॉकी इंडिया को सौ वर्ष पूरे हो गये है। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ हॉकी खिलाडियों का सम्मान किया गया। जिन्होंने हॉकी खेल में जिले का नाम प्रदेश व देश में रोशन किया है। सुधीर भाई त्रिवेदी व मेरे द्वारा अपने पिता स्व. रमणीक लाल त्रिवेदी की स्मृति में रमणीक लाल त्रिवेदी दर्शक दीर्घा का निर्माण कराया गया है। जिसका लोकार्पण आज किया गया है। हमारे द्वारा इसे युवा कल्याल खेल विभाग को सौंप दिया है।

कार्यक्रम में कलेक्टर मृणाल मीणा ने हॉकी इंडिया के 100 वर्ष पूरे होने पर सभी को शुभकामना देते हुये कहा कि बालाघाट छोटा जिला होने के बाद भी यहां खेल गतिविधियां काफी अधिक होती है। टर्फ का ग्राउण्ड भी नेशनल लेवल का बना है। बड़े शहरों में काफी डिमांड रहती है। जिले में बहुत अच्छा हॉकी का ग्राउण्ड बना है। इसकी देख रेख व संरक्षण सभी खिलाडियों को अपना मैदान समझकर अच्छे से करना है। दिसम्बर के महीने में एक अच्छा टूर्नामेंट का आयोजन करेंगे।

# दो दिन से लापता युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश बरामद

**नवभारत, किरणापुर।** थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम लोढागी मे मेंडा रोड किनारे परसाड़ी में एक युवक की संदिग्ध स्थिति में लाश बरामद की गई। मृतक युवक जितेंद्र पिता कमल सिंह उइके 25 वर्ष ग्राम भक्कू टोला थाना लांजी निवासी है। इस युवक की मौत किस वजह से हुई अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। किरनापुर पुलिस ने इस युवक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भक्कू टोला लांजी निवासी जितेंद्र उइके दो भाई तीन बहने हैं। जिसका पिता कमलसिह उइके वन विभाग लोढागी में चौकीदारी करता है। 4 नवंबर की रात्रि 9:00 जितेंद्र उइके अपने घर से लोढ़ागी मंडई जाने निकला था। जो घर वापस नहीं आया जिसकी परिवार के लोग तलाश कर रहे थे। 6 नवंबर को जितेंद्र उइके को ढूंढने के लिए उसका पिता कमलसिंह उइके ग्राम अतरिया आया था। ग्राम अतरिया में कमल सिंह उइके को पता चला कि ग्राम लोढ़ागी में मेडा रोड किनारे परसाड़ी में एक युवक की लाश देखी गई है। तब कमलसिह उइके अपने गांव के गणेश सरोते के साथ देखने के लिए गया। परसाड़ी महुआ और कारली के बीच डूमर के पास उसके बेटे जितेंद्र उइके की लाश पड़ी हुई थी। जिसकी रिपोर्ट कमलसिंह उइके के द्वारा लोढागी पुलिस चौकी में की गई थी। लोढागी पुलिस चौकी प्रभारी अनिलसिह घुरैया अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक जितेंद्र उइके का शव बरामद किए। पंचनामा कार्यबाही पश्चात जितेंद्र उइके का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। इस युवक की मौत किस वजह से हुई। अभी पूर्ण रूप से स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होने की संभावना है। किरनापुर पुलिस द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

**युवक बने शिकार** — खुशाल नेवारे ने भारतीय रेलवे गोदाम श्रमिक यूनियन में स्वयं को सदस्य बताकर युवाओं को लगाया चूना

# रेलवे मालगोदाम में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी

**किरनापुर नवभारत।** रेलवे के मालगोदाम में नौकरी लगवाने के नाम पर युवाओं से लाखों रुपये ठगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस ठगी में रेलवे यूनियन के एक सक्रिय सदस्य का नाम सामने आने से हड़कंप मच गया है। आरोप है कि यूनियन सदस्य ने खुद को 'प्रभावशाली पदाधिकारी' बताकर अभ्यर्थियों से रिश्वत और नियुक्ति शुल्क वसूला। जिले में फिर 40 लाख का धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया। 'रेलवे में नौकरी का सपना देखने वाले युवाओं के साथ हुआ बड़ा धोखा! फर्जीवाड़े का ऐसा जाल बिछाया गया कि लाखों रुपये गंवाने के बाद भी किसी को नौकरी नहीं मिली। पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।







### बेरोजगार लुट रहे

पढाई पूरी करने के बाद भी, नौकरी ना मिलने के चलते शिक्षित बेरोजगारों के आंकडे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जिसके चलते बेरोजगार युवा किसी भी तरीके से रोजगार की चाह में अपनी गाढी कमाई खर्च कर, लगातार ठगी के शिकार हो रहे हैं। रोजगार देने के नाम पर पैसों की ठगी के लगातार बढते जा रहे. 'सरकारी रेलवे के मालगोदाम मे नौकरी दिलाने का लालच, और फिर बेरोजगार युवाओं से ठगी। मामला महाराष्ट्र गोंदिया का है, जहां एक गैंग ने बालाघाट जिले के युवकों से रेलवे में नौकरी लगवाने का झांसा देकर कई युवकों से लाखों रुपये वसूल लिए।

### राशि वापस दिलाये जाने की मांग

युवक विजय राउत ने बताया कि महराष्ट्र गोंदिया जिले का रहने वाला खुशाल नेवारे उम्र 32 वर्ष ने जिले के तकरीबन 90 लोगों से रेलवे मालगोदाम में नौकरी लगाने के नाम पर 39 लाख रूपए की ठगी की है। जिसने भारतीय रेलवे गोदाम श्रमिक यूनियन में स्वयं को सदस्य बताकर वर्ष 2022 में उसने हमें यूनियन में सुपरवाईजर, क्लर्क, चपरासी और लेबर पोस्ट में भर्ती कराने का लालच दिया। जिसके बाद उसने फार्म भरवाए। उसने हमें जिले के किरनापुर, महाराष्ट्र के आमगांव, रांची और दिल्ली में ले-जाकर आश्वस्त किया कि उनकी नौकरी पक्की हो गई। जिसने हमें रेलवे मालगोदाम श्रमिक यूनियन का आई कार्ड भी दिया था। ठग युवाओं को फर्जी कॉल लेटर और ट्रेनिंग लेटर भेजते थे, ताकि भरोसा बना रहे। पीड़ितों से श्रमिक यूनियन अध्यक्ष के खाते में पहले एक लाख 45 हजार, घनश्याम ओराने के खाते में 92 हजार 500 सौ, शिशिर ओराने के खाते में 30 हजार, अमित गुप्ता के खाते में 50 हजार रूपए ऑनलाईन ट्रांसफर करवाए लेकिन कोई नौकरी नहीं दी।

पीड़ित युवाओं ने कहा कि ठगों ने पूरी प्रक्रिया को इतना असली दिखाया कि कोई शक नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन से ऐसे फर्जीवाड़ों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में कोई और इस तरह का शिकार न बने। शिकायतकर्ताओं ने पुलिस ने मांग की है कि खुशाल नेवारे के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कर उस पर कानूनी कार्यवाही कर हमें अपनी राशि दिलाई जाने की मांग की गई है।

### दोबारा मुझसे पैसे मांगने आए तो यही जिंदा दफना दूंगा ...

उपरोक्त यूनियन की भर्ती के लिए लगभग जिले के 90 लोगों से पैसा लेकर खुशाल नेवारे ने आज दिनांक तक किसी भी व्यक्ति को नौकरी प्रदान नहीं की गयी है। आवेदकगण द्वारा अनावेदक को नकदी एवं ऑनलाईन के माध्यम से राशि अदा की गयी है। जब-जब भी आवेदकगण द्वारा अनावेदक से उपरोक्त नौकरी के बारे में पूछा जाता था कि भर्ती कब होगी तब अनावेदक के द्वारा आवेदकगण को हिला-बहाना किया जाता था तथा कहा जाता था कि एक-दो महीने में भर्ती हो जाएगी कहकर आश्वासन दिया जाता था तथा अनावेदक के द्वारा शिकायत कर्ता को दो साल से नौकरी लगाने के नाम पर घुमा रहा है तथा आवेदकगण की राशि 39,00,000/- रूपए भी ले लिया है। आवेदकगण को आशंका होने पर कि अनावेदक के द्वारा उनके साथ छल-कपट एवं धोखाधडी किया जा रहा है जिस पर आवेदकगण के द्वारा अनावेदक को अपनी दी गई राशि वापस मांगी गयी तब अनावेदक के द्वारा आवेदकगण से कहा गया कि तुम्हारी राशि दो माह में वापस कर दूंगा, अनावेदक के आश्वासन पर आवेदकगण दो माह समाप्त होने के पश्चात अनावेदक से अपनी राशि की मांग की गयी तो अनावेदक के द्वारा आवेदकगण पर आकोशित होकर मों-बहन की गंदी गंदी गाली-गलौच करते हुए तथा आवेदकगण को यह धमकी दी गयी ।